आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 19.06.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- हरिद्वार नगर निगम भूमि खरीद घोटाले में प्रदेश सरकार की बड़ी कार्रवाई। पूर्व नगर आयुक्त की बर्खास्तगी और तत्कालीन जिलाधिकारी के विरुद्ध दीर्घ शास्ति अधिरोपित करने की संस्तुति।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने मुलाकात की। प्रदेश में रेल परियोजनाओं को गति देने पर की गई चर्चा।
- टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में उत्तरकाशी में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई।
- केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश के विभिन्न जिलों में विशेष जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

..........

**भूमि खरीद / कार्रवाई**

प्रदेश सरकार ने हरिद्वार नगर निगम भूमि खरीद प्रकरण में बड़ी कार्रवाई की है। विजिलेंस की विस्तृत जांच में आपराधिक षड्यंत्र और धोखाधड़ी के माध्यम से भूमि क्रय–विक्रय कर नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंचाने के आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गए हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली राज्य सतर्कता समिति की संस्तुति पर मामले में संलिप्त अधिकारियों, कर्मचारियों और भूमि विक्रेताओं के विरुद्ध अभियोग दर्ज किए जाने का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनुमोदन किया है। जांच में दोषी पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकरण में हरिद्वार नगर निगम के तत्कालीन नगर आयुक्त वरुण चौधरी को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त करने की संस्तुति की गई है। वहीं, हरिद्वार के तत्कालीन जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह को अपने दायित्वों और कर्तव्यों के समुचित निर्वहन में गंभीर लापरवाही का दोषी मानते हुए उनके विरुद्ध दीर्घ शास्ति अधिरोपित करने का निर्णय लिया गया है। दोनों अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को संस्तुति भेजी जा रही है। इसके अलावा, उस समय कार्यरत एसडीएम अजयवीर सिंह के विरुद्ध पर–निंदा प्रविष्टि दर्ज करने तथा उनकी तीन वेतनवृद्धियां रोकने के निर्देश भी दिए गए हैं। गौरतलब है कि हरिद्वार नगर निगम भूमि खरीद मामले के सामने आते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त रुख अपनाया था। प्रारंभिक जांच में अनियमितताओं के संकेत मिलने पर तत्कालीन जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह और पूर्व नगर आयुक्त वरुण चौधरी सहित कई अधिकारियों को निलंबित किया गया था।

इसके बाद विशेष जांच और ऑडिट के माध्यम से पूरे प्रकरण की गहन पड़ताल कराई गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कहा है कि भ्रष्टाचार के मामलों में किसी भी स्तर पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

उन्होंने दोहराया कि शासन–प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित सर्वोपरि है तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई जारी रहेगी।

**रेलवे प्रतिनिधिमंडल**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज ''मुख्यमंत्री आवास'' में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश में रेलवे अवसंरचना के विस्तार, गतिमान रेल परियोजनाओं और भविष्य की रेलवे आवश्यकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में रेलवे कनेक्टिविटी का सुदृढ़ीकरण, राज्य के समग्र विकास, पर्यटन, तीर्थाटन, निवेश और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना को राज्य की महत्वाकांक्षी और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना बताते हुए इसके कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा किए जाने पर बल दिया। बैठक में टनकपुर–बागेश्वर रेल परियोजना को आगे बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कर्णप्रयाग–बागेश्वर रेल लाइन और किच्छा–खटीमा रेल लाइन परियोजनाओं को भी भविष्य की आवश्यकताओं व क्षेत्रीय संतुलित विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए इन पर कार्यवाही आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गढ़वाल व कुमाऊं मंडल के स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं और आधुनिक व्यवस्थाओं का विस्तार पर बल दिया। साथ ही आगामी कुंभ और कांवड़ मेले को देखते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश और रुड़की रेलवे स्टेशनों पर विशेष सुविधाएं विकसित करने पर भी जोर दिया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने हरिद्वार–देहरादून रेल लाइन के डबल लाइन की दिशा में भी प्रभावी कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता बताई। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार ने कहा कि बैठक में जिन बिंदुओं पर चर्चा हुई है, उन पर पूरी गंभीरता से कार्य किये जाएंगे।

**दुर्घटना**

चम्पावत जिले में लोहाघाट–पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर बंतोली के समीप आज एक कार खाई में गिरने से उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**दिशा बैठक**

टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह की अध्यक्षता में आज उत्तरकाशी में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई। बैठक में केन्द्र और राज्य सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। सांसद ने विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया, ताकि जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध ढंग से मिल सके। बैठक में पीएमजीएसवाई और ब्रिडकुल के अधिशासी अभियंताओं के अनुपस्थित रहने पर सांसद ने कड़ी नाराजगी जताते हुए दोनों अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने और उनके तबादले के निर्देश दिए।

**जनकल्याण शिविर**

केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में विशेष जनकल्याण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज बागेश्वर विकासखंड में शिविर लगाया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने–अपने स्टॉल लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। खंड विकास अधिकारी आलोक भंडारी ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है।

स्थानीय महिला ममता पांडे ने कहा कि इस तरह के शिविर गांव के लोगों के लिए काफी लाभदायक हैं।

वहीं, रुद्रप्रयाग जिला पंचायत सभागार में भी जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम में लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

**ग्राम पंचायत चयन**

प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के तहत टिहरी जिले में भिलंगना विकासखंड की पांच ग्राम पंचायतों– ठेला, नैलचामी, कोट बूढ़ाकेदार, पाख ग्यारह गांव और किरेथ–कमेर का चयन किया गया है। खंड विकास अधिकारी विपिन सिंह ने बताया कि चयनित गांवों में सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क और आवास सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

**खिलाड़ी चयन**

भारतीय महिला टी–20 क्रिकेट विश्वकप टीम में बागेश्वर जिले की प्रतिभावान खिलाड़ी प्रेमा रावत के चयन पर पूरे जिले में खुशी की लहर है। इस उपलब्धि पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बागेश्वर ने एसबीआई तिराहे पर आतिशबाजी कर मिष्ठान वितरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि प्रेमा रावत की यह उपलब्धि न केवल बागेश्वर, बल्कि पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व का विषय है।